>

Title: Need to link Sonepeth in district Parbhani with the sanctioned Parli-Beed-Ahmednagar railway line in Marathwada - Laid.

श्री तुकाराम गणपतराव रेंगे पाटील (परभनी) : इस वित्तीय वर्ष के रेलवे बजट में मराठाबाड क्षेत्र के पारली, बीड, अहमदनगर के बीच एक रेलवे लाईन निर्माण किये जाने का कार्य स्वीकृत हुआ है। परभनी के अन्तर्गत सोनपेठ आदिवासी बाहुल्य-क्षेत्र है और अत्यंत पिछड़ा हुआ क्षेत्र है। सोनपेठ की भूमि पर कपास की काफी अच्छी फसल होती है जो अत्यंत उच्च क्वालिटी की मानी जाती है एवं कॉटन की बैल्स को दूसरे हिस्सों में काफी मात्रा में भेजा जाता है। यह पारली रेलवे स्टेशन से 13 किलोमीटर दूर है। अगर उपरोक्त रेलवे लाइन में सोनपैठ को जोड़ लिया जाये तो सोनपेठ के आस-पास के 40 गांव से ज्यादा लोगों को फायदा होगा।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पारली, बीड एवं अहमदनगर स्वीकृत रेलवे लाइन के अन्तर्गत पारली एवं सिरसोल के बीच सोनपेइ शहर को इस रेलवे लाई न से जाड़ा जाये इससे लोगों को रेलवे की सुविधा मिलेगी और रेलवे को राजस्व भी मिलेगा।